Title: Need to review the working of Pradhan Mantri Sadak Yojana, particularly in U.P.

राजकुमारी रत्ना सिंह (प्रतापगढ) : मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान प्रधान मंत्री सड़क परियोजना की तरफ दिलाना चाहती हूं कि इस योजना के तहत नई सड़कों को बनाने का कार्य करना था, परन्तु इस योजना के अंतर्गत पुरानी सड़कों की मरम्मत करके इस योजना को पूरा किया जा रहा है।

इस योजना के अंतर्गत कार्य करने का निर्णय लेने का अधिकार अधिकारियों का है जिससे जो आवश्यक सड़कें हैं वे नहीं बन पाती हैं और जहां पर कोई जरूरत नहीं है वहां पर सड़कें बना दी जाती हैं। अधिकारियों द्वारा सांसदों से उनके क्षेत्रों के बारे में कोई राय नहीं ली जाती है और न इस योजना की बैठकों में सांसदों को बुलाया जाता है। मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ में अधिकारियों ने इस योजना का मसौदा तैयार कर लिया है और मुझ से कोई राय नहीं ली गई और न ही हमें बैठक में बुलाया गया।

सरकार से अनुरोध है कि प्रधान मंत्री सड़क परियोजना के कार्यों की समीक्षा की जाए और नई सडकें ही इस योजना के तहत बनाई जाएं और सड़कें बनाने से पहले उस क्षेत्र के संबंधित सांसद से राय और विचार-विमर्श किया जाए।